No. of Printed Pages : 3

2016072 **3066**

Register Number

Language — Part I — HINDI — Paper II

Time Allowed : 3 Hours] [Maximum Marks : 80

सूचना : (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नजर आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) उत्तर देने हेतू काला या नीला स्याही का ही प्रयोग कीजिए।

I. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग **तीन सौ** शब्दों में निबन्ध लिखिए : **1x15=15**

1. प्रिय त्योहार
2. नदियों से लाभ और हानियाँ
3. रक्तदान
4. समाचार पत्र

II. निम्नलिखित में से **किसी एक** कहानी का सारांश लगभग **तीन सौ** शब्दों में लिखिए : **1x15=15**

5. बड़े घर की बेटी
6. एक भिखारी का दान
7. चीफ़ की दावत
8. परमात्मा का कुत्ता

III. पत्र लेखन : **1x10=10**

9. शिक्षा में कम्प्यूटर और इन्टरनेट का महत्व समझाते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

अथवा

10. गरमी की छुट्टियों के अनुभव बताते हुए मित्र को एक पत्र लिखिए।

[Turn over

IV. 11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5x2=10

मनुष्य अपने मन के विचार और भावों को व्यक्त करने के लिए भाषा का सहारा लेता है। भाषा मानव-मानव के बीच कड़ी के रूप में काम करती है। भाषा का बोल-चाल का रूप 'बोली' कहलाता है। सभी भाषाओं की अपनी-अपनी बोली होती है। 'बोली' में स्थानीय-विशेष के शब्द जुड़े जाते हैं। यही बोली लोकप्रियता के आधार पर भाषा बन सकती है। भाषा का परिष्कृत रूप, जिसका व्याकरण होता है, साहित्यिक भाषा को जन्म देता है। किसी भी भाषा का ज़िंदा रहना उसकी साहित्यिक गतिविधियों के आधार पर है। यही कारण है कि आज भी संस्कृत भाषा मृतक होकर भी अमर है। कालिदास, वाल्मीकी जैसे महान कविगणों ने संस्कृत देवी को अपने काव्य का हार पहनाकर अलंकृत किया। इसलिए ऐसे कविगणों के काव्य अनादि-काल तक जन-मानस में अमर रहेगा।

उत्तर दें : (प्रश्न)

(अ) भाषा क्या है?

(आ) बोली भाषा कब बनती है?

(इ) संस्कृत भाषा की क्या विशेषता है?

(ई) एक भाषा का ज़िंदा रहना कब संभव है?

(उ) इस गद्यांश का शीर्षक दें।

V. 12. निम्नलिखित की संधि कीजिए : 5x1=5

(अ) शिव + आलय

(आ) प्रति + एक

(इ) महा + इन्द्र

(ई) ने + अन

(उ) उत् + चारण

13. निम्नलिखित का सन्धि-विच्छेद कीजिए : 5x1=5

(अ) दयानन्द

(आ) स्वागत

(इ) महेश्वर

(ई) परोपकार

(उ) सुरेन्द्र

VI. 14. निम्न शब्दों के समास-विग्रह करके नाम बताइए : 5x1=5

(अ) यथाशक्ति

(आ) रेलयात्रा

(इ) हथकड़ी

(ई) जन्मरोगी

(उ) जलज

VII. 15. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलकर लिखिए : 5x2=10

(अ) लीला पत्र लिखेगी।
(कर्मवाच्य में लिखिए)

(आ) हम गरीबों को मदद करना चाहिए।
(शुद्ध कीजिए)

(इ) रामू ने एक कविता पढ़ी।
(भविष्यत्काल में लिखिए)

(ई) पिताजी पैसा देते हैं।
(प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग कीजिए)

(उ) किसान गाँव में रहता है।
(वचन बदलिए)

VIII. 16. निम्न शब्दों में **किन्हीं दस** के हिन्दी पर्याय लिखिए : 10x½=5

(i) Airforce
(ii) Police Station
(iii) Watchman
(iv) Transport
(v) Inspector
(vi) Attendance
(vii) Appointment
(viii) Quarterly
(ix) Primary
(x) Superintendent
(xi) Headmaster
(xii) Gazette
(xiii) Research
(xiv) Vice chancellor
(xv) Authority